तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 23 सितंबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
ज्योति कलश से जगमगाया मां का दरबार, देवपहरी में स्थापित हुई अखंड ज्योति



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## कोलइंडिया प्रबंधन ने दिल्ली में आयोजित की थी मानकीकरण समिति की बैठक

# कोयला कर्मचारियों के बोनस पर ग्रहण, कोर्ट ने बैठक पर लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया व उनके अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत लगभग 2 लाख 20 हजार कर्मचारियों के बोनस पर ग्रहण लग गया है। कलकत्ता हाईकोर्ट की डबल बेंच ने बोनस निर्धारण को लेकर दिल्ली में आयोजित मानकीकरण समिति की बैठक पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। हालांकि श्रमिक नेताओं का कहना है कि मंगलवार को मानकीकरण समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

**खास बात**

- कलकत्ता हाईकोर्ट के डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को रखा बरकरार



फाइल फोटो

कोयला कर्मचारियों के बोनस निर्धारण को लेकर मानकीकरण समिति की बैठक पर कलकत्ता हाईकोर्ट की डबल बेंच ने अपने अगले आदेश तक रोक लगा दी है। उल्लेखनीय है कि कलकत्ता हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने मानकीकरण समिति की बैठक में (इंटक) राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन के आदेश को डबल बेंच ने बरकरार रखा है। मानकीकरण समिति की बैठक सोमवार को आयोजित की गई थी। इसे लेकर कोल इंडिया के वकील कलकत्ता हाईकोर्ट के जज से मिलने पहुंचे उन्होंने मजदूरों के हित में बैठक की अनुमति देने का आग्रह किया लेकिन कोर्ट ने इस पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। फेडरेशन के अध्यक्ष और विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट की डबल बेंच में सोमवार को मानकीकरण समिति की बैठक में शामिल होने को लेकर कोल इंडिया ने डबल बेंच में याचिका दायर की थी। इस मामले में राष्ट्रीय खान मजदूर फेडरेशन को सिंगल बेंच की ओर से पहले ही बैठने का आदेश दिया गया था। सिंगल बेंच के आदेश के विरोध में कोल इंडिया ने डबल बेंच में याचिका दायर कर दी। डबल बेंच ने इस आदेश को बरकरार रखते हुए कोयलाकर्मियों के बोनस के मुद्दे पर सोमवार को दिल्ली में होने वाली बैठक को स्थगित करने का आदेश दिया है। दूसरी ओर बैठक में शामिल होने श्रमिक संगठन के पदाधिकारी दिल्ली पहुंच चुके थे। हालांकि कानूनी पेंच फंसने की वजह से बैठक फिलहाल स्थगित कर दी गई है। बैठक में श्रमिक नेताओं के बीच कोर्ट के फैसले को लेकर चर्चाओं का बाजार सरगर्म रहा। श्रमिक नेताओं की मानें तो मंगलवार को पुनः मानकीकरण समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इसे लेकर कोलइंडिया प्रबंधन कानूनी विशेषज्ञों की सलाह ले रही है।

**बैठक में नहीं बुलाया गया था इंटक को**

अब कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया का रुख देखना होगा कि वह बोनस के मुद्दे पर क्या निर्णय लेते हैं। अंतरिम भुगतान कर मजदूरों को पूजा में राहत देने की कोशिश करते हैं या कोर्ट के आदेश तक चुप बैठे रहते हैं। कोल इंडिया में काम करने वाले 2 लाख 20 हजार कोयला श्रमिकों के बोनस पर सोमवार को दिल्ली में मानकीकरण समिति की बैठक होनी थी, जिसमें एचएमएस, बीएमएस, एटक, सीटू के प्रतिनिधि को बुलाया गया। बैठक में इंटक के शामिल होने का मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

# बोर्ड आफ विजिटर के सदस्यों ने किया जिला जेल का निरीक्षण



निरीक्षण करते बोर्ड ऑफ विजिटर के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, अजीत वसंत कलेक्टर, सिद्धार्थ तिवारी पुलिस अधीक्षक, डॉ0 एस.एन. केशरी जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सरोज कुमार महिलांगे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा, देवेन्द्र प्रताप सिंह कंवर उपसंचालक कृषि विभाग, मुकेश कुमार दिवाकर परिविक्षा अधिकारी समाज कल्याण विभाग, अरूण कुमार राठिया प्रबंधक जिला व्यपार एवं उद्योग केन्द्र कोरबा द्वारा जिला जेल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जेल में जातिगत भेदभाव की रोकथाम, बंदियों के चिकित्सा, स्वास्थ्य, भोजन, विधिक सहायता से अधिवक्ता, जेल के अभिलेखों का निरीक्षण किया जाना था। निरीक्षण में जेल के अंदर जातिगत भेदभाव की प्रथा नहीं हेना पाया गया है। जेल के बैरकों में जाकर बंदियों एवं जेल के कर्मचारी एवं अधिकारियों से चर्चा की गयी तथा भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा प्राप्त होने के संबंध में पूछा गया जो जेल नियमावली के अनुसार होना बताया गया। बंदियों को विधिक सहायता के लिये जेल में लीगल एड क्लिनिक की स्थापना प्राधिकरण के द्वारा की गयी है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर जिला जेल कोरबा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त भ्रमण के दौरान अमितेश साहू सहायक जेल अधीक्षक, जिला जेल कोरबा उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भूविस्थापित 24 को घेरेंगे कुसमुंडा जीएम कार्यालय

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ ने बरसों पुराने भूमि अधिग्रहण के बदले लंबित रोजगार प्रकरण, मुआवजा, पूर्व में अधिग्रहित जमीन वापसी, प्रभावित गांव के बेरोजगारों को खदान में काम देने, पुनर्वास गांव में बसे भूविस्थापितों को काबिज भूमि का पट्टा देने के साथ 10 सूत्रीय मांगो को लेकर 24 सितंबर को कुसमुंडा में कार्यालय घेराव की घोषणा की है। आंदोलन को सफल बनाने की तैयारी को लेकर प्रभावित भूविस्थापितों की बैठक में आंदोलन को सफल बनाने की योजना बनाई गई। 20 अगस्त को कुसमुंडा खदानबंद के दौरान भी प्रबंधन ने त्रिपक्षीय वार्ता के साथ उच्च स्तरीय बैठक का आश्वासन दिया था लेकिन प्रबंधन ने भूविस्थापितों को किए गए वायदों को पूरा नहीं किया। इससे भूविस्थापितों में प्रबंधन के खिलाफ काफी आक्रोश है।

### पठियापाली की वार्षिक आमसभा 27 को

**बरपाली।** करतला विकासखण्ड स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित पठियापाली की वार्षिक आमसभा का आयोजन ग्राम पठियापाली में रखा गया है। जिसकी बैठक 27 सितंबर को रखा गया है जिसमे पठियापाली सामिति के प्रबंधक द्वारा सामिति के सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने की अपील किया गया है। जिसकी सूचना आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पठियापाली के प्रबंधक के माध्यम से सभी आश्रित ग्रामों को सूचना जारी किया गया है।

### जिला साहू संघ का स्वागत एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**कोरबा।** जिला साहू संघ के जिला अध्यक्ष गिरिजा कुमार साहू के नेतृत्व में स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन सीनियर क्लब सीएसईबी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष डॉ तिलक राम साहू, सत्य प्रकाश साहू, श्रीमती साधना साहू, प्रदेश संगठन सचिव डॉ सुनील साहू, श्रीमती चंद्रवती साहू, प्रदेश संयुक्त सचिव प्रदीप साहू, खुमान साहू, देव सिंह साहू, रवि साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जिला साहू संघ गिरजा कुमार साहू ने किया गया। डॉ नीरेंद्र साहू ने अपने संबोधन के माध्यम से बताया कि समाज हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है और हम अपने समाज को बेहतर बनाने के लिए किस प्रकार से कार्य कर सकते हैं। कार्यक्रम में मुरीत राम साहू, श्रीमती लखनी साहू, गोरेलाल साहू, अनु लाल साहू, घनश्याम प्रसाद साहू, गोरेलाल साहू, नेहरू लाल साहू, दानसाय साहू, बलभद्र प्रसाद साहू, विनोद कुमार साहू, मुरली साहू, जयप्रकाश साहू, पुनीराम साहू, ईश्वर साहू, ओम प्रकाश साहू, श्रवण साहू, प्रमोद साहू आदि उपस्थित रहे।

### जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों में पेंशन शिविर कल

**कोरबा।** सेवा पखवाड़ा दिवस के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। इसी कड़ी में 24 सितंबर को जिले के सभी जनपद पंचायतों के द्वारा ग्राम पंचायतों हेतु बनाये गये कलस्टर में पेंशन शिविर आयोजित किये जाएंगे। इसी प्रकार 25 सितंबर सभी नगरीय निकायों में पेंशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हितग्राहियों का सत्यापन, नवीन पेंशन स्वीकृति फार्म भरवाने, यूडीआईडी कार्य हेतु पंजीयन इत्यादि कार्य किये जायेंगे।

# धान और मक्का गजराज को कर रहे हैं आकर्षित 57 हाथियों ने डाला डेरा, ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल जंगली हाथियों को बेहतर रास आ रहा है। इन दिनों वनांचल क्षेत्र में बसने वाले किसानों द्वारा धान की फसल और मक्के की फसल लगाई गई है। हाथियों को जमकर यह फसल रास आ रहा है और किसानों की खेतों में घुसकर मक्के की फसल को चट कर रहे हैं। यही वजह है कि 57 हाथी मात्र दो ही रेंज में डेरा डाले हुए हैं और जमकर जान माल का नुकसान कर रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। हालांकि वन विभाग इन हाथियों के उत्पात को रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही है।

**खास बात**

- कटघोरा वन मंडल के केंदई और पसान रेंज में ही सबसे ज्यादा है इनका बसेरा



फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि कटघोरा वनमंडल में 57 हाथियों का झुंड लंबे समय से विचरण कर रहा है। इन दिनों हाथियों का उत्पात वनांचल क्षेत्र में लगातार बढ़ता ही जा रहा है। वन विभाग की माने तो वनांचल क्षेत्र में इन दिनों सबसे ज्यादा खेतों में धान की फसल लगी हुई है तो वहीं दूसरी ओर किसानों की बाड़ियों में बड़े पैमाने पर मीठे-मीठे मक्के की फसल तैयार हो चुकी है। यही वजह है कि मीठा-मीठा मक्का और धान की फसल हाथियों को जमकर रास आ रहा है और जिस किसान के खेत या बड़ी में हाथी घुसते हैं तो उसे पूरी तरह से चट कर जाते हैं। बताया जाता है कि कटघोरा वनमंडल के पसान और केंदई रेंज में भी हाथियों का सबसे ज्यादा बसेरा है और एक रेंज से दूसरे रेंज में ही हाथी आना-जाना कर रहे हैं और लगातार धान की और मक्के की मीठे-मीठे फसलों को चट कर रहे हैं। यहां तक कि शाम होते ही हाथियों का झुंड गांव में घूसने की कोशिश करता है और जान माल का नुकसान भी पहुंचा रहा है। एक दिन पहले ही हाथियों के झुंड ने एक ग्रामीण को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया था तो कभी भगाने के दौरान या तो कभी हाथी देखने के दौरान घटनाएं हो रही है। वन विभाग लगातार ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचकर मुनादी कर रही है ताकि जान माल का नुकसान ना हो लेकिन इन दिनों कटघोरा वनमंडल में सबसे ज्यादा हाथी उत्पात बढ़ता ही जा रहा है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश भी बढ़ रहा है।

**ग्रामीण होते हैं हादसे का शिकार**

हाथियों का झुंड देर शाम होते ही एक्टिव हो जाता है और वह एक छोर से दूसरे छोर की ओर जाने का प्रयास करते हैं एक दिन में हाथी लंबी दूरी तय करते हैं और यही वजह है कि हाथियों का पसान रेंज से केंदई रेंज में है आना-जाना करते हैं क्योंकि इसी के रास्ते ही इन्हें इनके पसंदीदा भोजन धान की फसल और मक्के की फसल मिलती है और इस रास्ते में आने-जाने के दौरान हाथी देखने के लिए या तो बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचते हैं या फिर ग्रामीण हाथियों को खदेड़ने के लिए उनका रास्ता रोक देते हैं। जिसके चलते जान माल का नुकसान ज्यादा होता है। हालांकि वन विभाग लगातार गांव में पहुंचकर हाथियों से दूर रहने की अपील करता है लेकिन उनकी अपील दर किनार कर देते हैं जिसके चलते ग्रामीण हादसे के शिकार होते हैं।

### सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आज

**कोरबा।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धारा 23 की उपधारा 1 के नियम 17 (2) के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 23 सितंबर को दोपहर 1 बजे कलेक्टर सभाकक्ष आयोजित की गई हैं। बैठक के एजेंडा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण, अधिनियम 1989 एवं 1995 के अन्तर्गत स्वीकृत, भुगतान राशि क श्रेणी वर्ष 2025-26 एवं चालू वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 अगस्त तक की जानकारी के साथ उपस्तित होने कहा गया है।

# मालगाड़ी की चेपट में आने से महिला की मौत

**कोरबा।** कोरबा थाना अंतर्गत मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। इस मामले में रेलवे पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार कोरबा निवासी जामबाई पति बंशी महंत दोपहर के समय गांव के महिलाओं के साथ जंगल तरफ आये थे। जहां से लौटते समय जाम बाई मालगाड़ी के चपेट में आ गई और घटना स्थल में उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही। मृतिका के परिजन घटना स्थल पहुंचे। इस बीच रेलवे पुलिस भी सूचना मिलने पर घटना स्थल पहुंचकर मृतिका के शव का पीएम के लिए भेजवाया इसकी सूचना कोरबा थाने को भी दी।



अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444



## खबर संक्षेप

### नाबालिग की उम्र जांच के लिए जिला जेल का किया गया निरीक्षण



**सूरजपुर।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रकरण में पारित निर्णय के अनुक्रम में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का त्रुटिपूर्ण उम्र निर्धारण कर जेल में निरुद्ध किए जाने की संभावना होती है। कम उम्र के बच्चे जेल में निरुद्ध न हो इसके लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश एवं राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से प्राप्त निर्देश के अनुक्रम में जिले में स्थित जेल में निरुद्ध बंदियों में यदि कोई 18 वर्ष से कम आयु का है तो उम्र सत्यापन किए जाने हेतु एसडीएम की अध्यक्षता में गठित जेल निरीक्षण पैनल द्वारा जिला जेल का निरीक्षण किया गया। जिला जेल में जेल के सभी बंदियों से मुलाकात करवाया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल द्वारा जेल के बंदियों से 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे जेल में है इस संबंध में जेल में निरुद्ध बंदियों से जानकारी ली। जेल के 1 बंदी द्वारा अपनी आयु को लेकर शंका किया गया। जिस पर पैनल द्वारा बंदी की जानकारी लेकर उसके शैक्षणिक दस्तावेज जांच कर आयु के संबंध में पुष्टि की जाएगी। अन्य किसी भी बंदियों द्वारा अपनी आयु को लेकर कोई भी शंका व्यक्त नही की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल, जेल अधीक्षक अक्षय तिवारी, सलदेव सिंह आयाम, डॉ. राजेश पैंकरा, मनोज जायसवाल, संजय सोनी, राजेन्द गुप्ता, अमित भारिया, अखिलेश कुमार सिंह उपस्थित रहें।

### सेवा पखवाड़े के तहत नया बस स्टैंड में चला गया सफाई अभियान



**सूरजपुर।** अटल परिसर नया बस स्टैंड में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े, मुकेश गर्ग, शशिकांत गर्ग, प्रवीण घोस, नगर पालिका सीएमओ प्रभाकर शुक्ला व स्थानीय प्रशासन, नगर निगम के कर्मचारी और लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभियान में शामिल लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली। उन्होंने यह संकल्प लिया कि वे न केवल अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखेंगे, बल्कि दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। इस तरह के कार्यक्रम से लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और बस स्टैंड जैसी सार्वजनिक जगहों को साफ-सुथरा बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### विश्व ओजोन दिवस पर निबंध एवं चित्रकला स्पर्धा छात्र-छात्राओं ने लिया भाग



**अम्बिकापुर।** विश्व ओज़ोन दिवस पर अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से शासकीय हाई स्कूल एवं मिडिल स्कूल, ग्राम चकेरी, बासन, परसा, तारा एवं अदाणी विद्या मंदिर, साल्ही में ओजोन दिवस की थीम विज्ञान से वैश्विक कार्रवाई पर निबंध लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ओजोन परत के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के संदेश को विद्यार्थियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 609 छात्र-छात्राओं एवं 51 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान खीरवर प्रसाद सिंह, शोभित दास सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शिविर में मरीजों की हुई निःशुल्क स्वास्थ्य जांच




**अम्बिकापुर।** जैनमैत्री संघ के तत्वाधान में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक श्री चन्द्रप्रभु तेरापंथी दिगम्बर जैन मंदिर में किया गया। शिविर में जैन समाज के अलावा अन्य समुदाय के लोगों ने भी अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर में बीएचयू के हृदय रोग विशेषज्ञ, शिविर में डॉ.अभिजीत प्रसाद, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.उत्तम कुमार सिंह ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान मरीजों का खून, पेशाब जांच में 40 फीसदी तक की छूट दी गई। स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में जैन मंत्री संघ ने आगे भी निशुल्क शिविर लगाने का निर्णय लिया है। इस दौरान डॉ.एमके जैन, विक्रांत जैन, राहुल जैन, रमेश जैन, डॉ.अभिजीत जैन, महावीर जैन, विकास जैन, अजीत जैन, अखिलेश दानखड़े, रूबी जैन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## आयुक्त ने सियान सदन में आयोजित शिविर का किया निरीक्षण

# निगम के सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों का किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत घंटाघर स्थित सियान सदन में नगर पालिक निगम के सफाईमित्रों, सफाई कामगारों व स्वच्छता दीदियों का सघन स्वास्थ परीक्षण कराया गया। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शिविर में पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया एवं जांच हेतु पहुंचे सफाई मित्रों, स्वच्छता कामगारों व स्वच्छता दीदियों से उनके स्वास्थ पर चर्चा की एवं शिविर का लाभ उठाने को कहा। उन्होने अधिकारियों से कहा कि वे शत प्रतिशत सफाई कामगारों, स्वच्छता दीदियों का हेल्थ चेकअप कराएं ताकि कोई भी कर्मी इसके लाभ से वंचित न रहे। इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी भी उपस्थित थे।

**खास बात**

- शत प्रतिशत सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने अधिकारियों को दिए निर्देश

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार की महती योजना स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम द्वारा विगत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा -2025 अभियान का संचालन निगम क्षेत्र में किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पृथक-पृथक थीम पर आधारित संचालित की जा रही विविध गतिविधियों व कार्यक्रमों की अगली कड़ी में आज से निगम के सफाईमित्रों, सफाई कामगारों व स्वच्छता दीदियों के स्वास्थ परीक्षण हेतु 3 दिवसीय स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन प्रारंभ किया गया। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शिविर में पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया, वहॉं की व्यवस्थाओं को देखा, जांच कराने पहुंचे सफाई कामगारों एवं स्वच्छता दीदियों से उनकी स्वास्थ संबंधी जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शत प्रतिशत सफाई मित्रों, स्वच्छता कामगारों व स्वच्छता दीदियों का हेल्थ चेकअप कराने एवं आवश्यकतानुसार उन्हें आवश्यक दवाईयॉं उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी कर्मी शिविर के लाभ से वंचित न रहें। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि शिविर के प्रथम दिन आज घंटाघर स्थित सियान सदन में निगम के कोसाबाड़ी व रविशंकर नगर जोनांतर्गत कार्यरत सफाईमित्रों, कामगारों व स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ परीक्षण कराया गया, वहीं सियान सदन में ही आयोजित किए जाने वाले शिविर के दूसरे दिन 23 सितम्बर को कोरबा व टी.पी.नगर जोन में कार्यरत एवं तीसरे दिन 24 सितम्बर को दर्री, बालको व सर्वमंगला नगर जोनांतर्गत कार्यरत सफाईमित्रों, कामगारों एवं स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ परीक्षण शिविर में किया जाएगा। शिविर में बाहरी स्वास्थ परीक्षण के साथ-साथ 41 प्रकार की खून जांच की सुविधा उपलब्ध है, शिविर में बुखार, मलेरिया, डेंगू, बी.पी., शुगर, लिपिड प्रोफाईल, सी.बी.सी., लीवर, किडनी, पेसाब की जांच, प्रोटीन टेस्ट, बिटामिन बी.-12 जांच सहित 41 प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।



शिविर का निरीक्षण करते निगम आयुक्त।

### पी.एम.ए.वाई. की दी गई जानकारी

सियान सदन में आयोजित शिविर में भारत सरकार के महत्वपूर्ण अभियान अंगीकार -2025 का काउंटर भी स्थापित किया गया था, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त काउंटर पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया, उन्होने शिविर में पहुंचे स्वच्छता कामगारों, स्वच्छता दीदियों आदि से भारत सरकार की महती योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने को कहा। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के बी.एल.सी. व ए.एच.पी. घटकों की सघन जानकारी निगम के सफाईमित्रों, कामगारों व स्वच्छता दीदियों के साथ-साथ शिविर में आने वाले अन्य लोगों को प्रदान की गई तथा योजना के अंतर्गत आवेदन पत्र प्राप्त करने, आवेदन को भरकर जमा करने आदि की प्रक्रिया के साथ-साथ संबंधित दस्तावेजों व पात्रता आदि के संबंध में भी आवश्यक जानकारियॉं उन्हें मुहैया कराई गई।

# कोरबा कम्प्यूटर कालेज में आरोहन का हुआ आयोजन




कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री, महापौर एवं कालेज के संचालक राजेश अग्रवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा शिक्षण समिति (केसीसी) में नवप्रवेशित बीसीए/बीबीए/बीकॉम प्रथम सेमेस्टर, डीसीए/पीजीडीसीए एवं एमएससी (सीएस प्रथम सेमेस्टर) के छात्रों का स्वागत एवं मिलन समारोह आरोहन 2025 का आयोजन मुख्य आतिथि कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमति संजूदेवी सिंह राजपुत एवं नरेन्द्र देवांगन पार्षद, वार्ड क्र. 18 (कोहड़िया), कोरबा शिक्षण समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल एवं श्रीमति रंजना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कोरबा शिक्षण समिति की अतिथ्य में स्थानीय होटल में सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने विकसित भारत पर विद्यार्थियों एवं शिक्षित नागरिकों के योगदानों को विस्तार पूर्वक बताया। माहापौर ने कहा कि महाविद्यालय का यह आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और अनुशासन को सम्मान देने का सराहनीय प्रयास है, ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हे बेहतर भविष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को नरेंद्र देवांगन ने भी संबोधित किया। महाविद्यालय के निर्देशक राजेश अग्रवाल ने कहा कि सफलता प्राप्त करने हेतु निश्चित लक्ष्य बनाकर लगातार अनुशासित रहते हुए अपने और अपने परिवार जनों के सपनों को पूरा करें केसीसी में संस्कार, सहयोग, समर्पण व संस्कृति को अपनाते हुए जीवन की ऊचाँइयों को प्राप्त करें। फ्रेशर पार्टी या प्रवेश उत्सव से महाविद्यालय के वरिष्ठ छात्रों तथा नवप्रवेशित छात्रों के बीच एक रिश्ता बनता है जो विद्यार्थियों में सहयोग, टीम भवना तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करता है साथ ही विद्यार्थियों के अंदर छिपी हुई प्रतिभा को जानने का और उन्हे प्रस्तुत करने का एक प्लेटफार्म मिलता है।

कार्यक्रम में बीसीए द्वितीय से तनमय, सोम, कुन्दन, दीपक केंवट, दीपक दुबे, रोशन, प्रियांशु, स्नेहा, कुमानदिनी, पूजा, हिमांशी एवं खिली तथा बीसीए अंतिम से तरून, हिमांशु, पम्मी, जीनत, दिव्या, आँचल, विमल, दुर्गेश्वरी, सिमरन तथा बीबीए/बीकॉम से स्वास्तिका, मालविका, अभय, समीर एवं विकास तथा डीसीए एवं पीजीडीसीए से पुर्णिमा, कविता, रोशनी, रीयुश, सोमांशु एवं संगीता, अमीशा, अंगिता, बबिता आदि ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

# सतरेंगा में हेलीपेड बनाने की घोषणा हवा हवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में सीएम विष्णुदेव साय ने बुका और सतरेंगा को लेकर बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि 2 महीने के भीतर एक बड़ा प्रस्ताव तैयार करेंगे और उसे सरकार से स्वीकृति मिलेगी। बुका, सतरेंगा को बड़े पैमाने पर पर्यटन स्थल के तौर पर डेवलप करने की यह कोई पहली घोषणा नहीं है। पूर्ववर्ती सरकार में सतरेंगा को हवाई मार्ग से जोडऩे की घोषणा की गई थी, लेकिन यह घोषणा हवा हवाई साबित हुई इसके पहले भी बीते एक दशक के दौरान कई ऐसी घोषणाएं हो चुकी हैं, जो धरातल पर नहीं उतरी भाजपा और कांग्रेस सरकार में सतरेंगा को अंतरराष्ट्रीय टूरिस्ट स्पॉट के तौर पर डेवलप करने की घोषणाएं की गई थी।

**खास बात**

- अब फिर सीएम की घोषणा से जागी उम्मीद

तत्कालीन कलेक्टर किरण कौशल और रानू साहू के कार्यकाल में राशि खर्च भी की गई। रंग रोगन किया गया, कुछ हुए भी, लेकिन उतना नहीं हुआ जितनी की घोषणाएं हुई। फिलहाल वास्तविकता यह है कि जहां अंतरराष्ट्रीय वॉटर स्पोर्ट्स की सुविधाएं डेवलप करने की बात हुई थी। वहां अब बोट क्लब भी पूरी तरह से बंद है। स्थानीय ग्रामीण अपनी स्वदेसी नाव पर ही पर्यटकों को पानी की सैर कराते हैं। अन्य सुविधा भी बंद हैं। सतरेंगा और बुका में विश्व स्तर की सुविधाओं के साथ इसे डेवलप करने की घोषणाएं पूर्व में भी की गई थी। वैसे तो कोरबा को प्रदेश की ऊर्जाधानी कहा जाता है। बिजली उत्पादन और कोयले की धूल से इसकी पहचान है, लेकिन यहां बुका और सतरेंगा जैसे खूबसूरत पर्यटन स्थल भी हैं। जो पर्यटकों को लगातार अपनी ओर आकर्षित करते हैं. ठीक ठाक भोजना तक कि सुविधा नहीं होने के बावजूद भी यहां लगभग सभी मौसम में पर्यटक दूर-दूर से पहुंचते हैं। न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि प्रदेश के बाहर से भी लोग यहां घूमने आते हैं और प्राकृतिक खूबसूरती देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। बुका और सतरेंगा में बांगो बांध के डुबान क्षेत्र की जलराशि दूर-दूर तक फैली हुई है। जो इतनी अधिक मात्रा में है कि यहां क्रूस उतार कर भी उसे चलाया जा सकता है. दूर-दूर तक फैला खूबसूरत पानी मॉरीशस की याद दिलाता है।



फाइल फोटो

### प्रदेश का पहला एक्वा पार्क भी डुबान क्षेत्र में

कोरबा प्रवास के दौरान सीएम ने एक्वा पार्क की बात का भी जिक्र किया है। हालांकि इसकी स्वीकृति केंद्र सरकार से मिल चुकी है। सीएम ने इसकी स्वीकृति की बात को दोहराया और कहा की एतमानगर में एक्वा पार्क को स्वीकृति दे दी गई है। जिसकी लागत 37 करोड़ रुपए है। एक्वा पार्क में न सिर्फ पर्यटन के दृष्टिकोण से विकास कार्य होंगे, बल्कि यहां मत्स्य पालन और अन्य गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। सतरेंगा हो या एतमानगर दोनों ही हसदेव नदी पर निर्मित प्रदेश के सबसे उंचे मिनीमाता बहुउद्देशीय परियोजना बांगो बांध के डुबान क्षेत्र में ही मौजूद है।

### वन विभाग को सौंपी जिम्मेदारी

बुका और सतरेंगा के संबंध में मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में सीएम विष्णु देव साय ने कहा है कि इन दोनों स्थानों में पर्यटन विकास के लिए वन विभाग को प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया है। दो महीने के भीतर प्रस्ताव तैयार होगा, और जो प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। उसे स्वीकृति प्रदान की जाएगी। सीएम ने प्रस्ताव को स्वीकृति देने की बात कही है। अब तय समय सीमा के भीतर एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार करना वन विभाग के लिए एक चुनौती की तरह भी है। पूर्व में भी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं, पूर्व के प्रस्ताव और वर्तमान प्रस्ताव में क्या अंतर है, क्या पुराने दर्रे पर ही प्रस्ताव तैयार किया जाएगा और इस बार जो प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। वह धरातल पर भी उतरेगा, यह आने वाला समय ही बताएगा।

# पंचायतों को अब देना होगा निर्माण स्थल व खर्च का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायतों में 15वें वित्त की राशि से हुए निर्माण कार्य और खर्च का ब्योरा अब देना होगा। ऑनलाइन ऑडिट में पंचायत सचिवों को नोटिस जारी कर निर्माण स्थल की फोटोग्राफी से लेकर खर्च के पूरे विवरण को ऑनलाइन करना होगा। ऑनलाइन अंकेक्षण के निर्देश जारी होते ही पंचायत सचिव में रिकार्ड दुरुस्त करने का हड़कंप मचा हुआ है।

**खास बातें**

- ऑनलाइन अंकेक्षण में 15वें वित्त से खर्च का हो रहा हिसाब
- पंचायत सचिवों को जारी की गई है नोटिस

जिले के ग्राम पंचायतों में इस समय ऑनलाइन अंकेक्षण का काम चल रहा है जिसमें 15वें वित्त की राशि से ग्राम पंचायत और उनके आश्रित पारेटोले में किये गये निर्माण कार्य की फोटोग्राफी के साथ ऑनलाइन जिओ टैकिंग निर्माण सामग्री के बिल बाउचर, जीएसटी नंबर सहित सभी को जमा करना होगा। अब तक निर्माण कार्यों को लेकर विभागीय इंजीनियर के द्वारा आकलन कर रिपोर्ट तैयार कर दी जाती थी और भुगतान प्राप्त हो जाता था। अब ऑनलाइन अंकेक्षण के द्वारा पकड़े जा रहे 15वें वित्त की राशि में की गई गड़बड़ी के मामले ग्राम पंचायतों में 15वें वित्त की राशि से मूलभूत विकास के कार्य कराये गये हैं जिनमें सीसीरोड निर्माण, मंच निर्माण, नाली निर्माण आदि काम प्रमुखता से शामिल हैं। इन सभी कार्यों का ऑनलाइन ऑडिट होने से ग्राम पंचायतों के सचिवों को अब सभी रिकार्ड को ऑनलाइन करना पड़ रहा है। जिससे वित्तीय राशि में हुई गड़बड़ी उजागर होने लगी है। विभागीय स्तर पर इन गड़बड़ियों की जांच कराये जाने के निर्देश भी दिए जाएंगे।

### पंचायतों को है 50 लाख तक के कार्य कराने का अधिकार

ग्राम पंचायतों को पूर्व की अपेक्षा अब 50 लाख तक के कार्य कराये जाने का अधिकार दिया गया है। पूर्व 20 लाख तक के कार्य कराये जाने का अधिकार दिया गया था। जैसे जैसे बढ़ी हुई राशि का अधिकार दिया जा रहा है वैसे वैसे निर्माण कार्यों के लिए खर्च होने वाली राशि का ऑनलाइन ऑडिट भी शुरु हो गया है। 50 लाख तक के कार्यों में ग्राम पंचायतों में स्कूल भवन से लेकर आंगनबाड़ी भवन बनाए जा रहे हैं। जिसमें बड़ी संख्या में जो बिल समिट किये जो रहे हैं उसके बिल और टीन नंबर को लेकर सवाल भी खड़े हो रहे हैं। कई ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के द्वारा फर्म बनाकर जीएसटी नंबर का बिल ग्राम पंचायतों को दिये जा रहे हैं।

### डीएमएफ से भी स्वीकृत हो रहे कार्य

ग्राम पंचायतों में डीएमफ से भी कार्य स्वीकृत किये जा रहे हैं। इसके लिए भी ग्राम पंचायतों को एजेंसी बनाया गया है। जिनके द्वारा डीएमएफ से स्वीकृत कार्यों को ठेके के माध्यम से पूरा कराया जा रहा है। कई ग्राम पंचायत डीएमएफ से स्वीकृत कार्यों को नगरीय क्षेत्रों में करा रहे हैं। धवईंपुर ग्राम पंचायत को डीएमएफ से कार्य स्वीकृत किया गया था उसके द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में कार्य कराया जा रहा है। इसी तरह जनपद पंचायत कोरबा में भी निर्माण कार्य चल रहा है उसकी भी निर्माण एजेंसी तिलाईडांड़ ग्राम पंचायत बनाया गया है।

# ड्रेसिंग के दौरान मरीज की जेब से ड्रेसर ने पार किए 7 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ड्रेसिंग के दौरान एक मरीज की जेब से 7 हजार रुपए चोरी करने का मामला सामने आया है। मरीज को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद भर्ती कराया गया था और सोमवार को ही उसे आईसीयू से सर्जिकल वार्ड में शिफ्ट किया गया था। इस घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच के बाद मरीज के 5 हजार रुपए बरामद कर मरीज को वापस लौटा दिया है लेकिन इस घटना से अस्पताल में आने वाले मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में आ गई है।

- मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई घटना से हड़कंप, बाद में लौटाया गया 5 हजार रुपए

बताया जा रहा है कि मूलतः बिहार के मध्यपूरा लवालगाम निवासी मोहम्मद जसीम नादाब आ. जहीर नादाब कुसमी में रहकर ऑटो चलाने का काम करता है। रविवार को जसीम की ऑटो कुसमी के समीप किसी घाट के पास खराब हो गई जिसके बाद चालक ऑटो को खड़ी कर पीछे बैठकर मरम्मत का काम कर रहा था। इस दौरान अचानक ही ऑटो पीछे लुढक गई और चालक के ऊपर चढ़ गई। ऑटो के ऊपर चढ़ने से जसीम गंभीर रूप से घायल हो गया। ऐसे में उसे कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से चालक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जसीम को आईसीयू में रखकर उपचार किया जा रहा था। सोमवार को मरीज की हालत में सुधार होने के बाद उसे अस्पताल के सर्जिकल वार्ड के यूनिट 3 में रखा गया था। आरोप है कि वार्ड में वह एक हाफ पैंट पहनकर था और पैंट की जेब में 7 हजार रुपए नगद रखा था। इसी दौरान वार्ड में एक ड्रेसर उसके जख्मों की सफाई करने के लिए आया हुआ था और ड्रेसर के जाने के बाद जब उसने अपनी जेब चेक की तो 7 हजार रुपए गायब थे। ऐसे में उसने इसकी जानकारी वार्ड में मौजूद नर्सिंग स्टाफ को दी। मरीज के जेब से रुपए चोरी होने की घटना के बाद हड़कंप मच गया। आनन फानन में प्रबंधन ने मामले की जांच शुरू की और ड्रेसर की पहचान करने के बाद उसके पास से 5 हजार रुपए बरामद किया और मरीज को वापस कर दिया गया है।



### सुरक्षा पर उठे सवाल

सबसे बड़ी बात यह है कि अस्पताल में आए दिन मरीजों के मोबाइल फोन, बाइक चोरी आम घटनाएं हो गई है। इसके साथ ही मरीजों के पर्स चोरी हो जाते है तो कभी पाकिटमारी हो जाती है। चोर मरीजों के बर्तन तक उठाकर ले जाते है। ऐसे में अब मरीज की जेब से अस्पताल प्रबंधन से जुड़े लोग ही चोरी करने लग गये है जिससे अस्पताल में मरीजों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे है।

# कुआं बनाने के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरा दंतैल, किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सीतापुर

सोमवार को तड़के वन परिक्षेत्र सीतापुर अंतर्गत ग्राम सरना खजूरपारा में उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब एक दंतैल कुंआ बनाने के लिए खोदे गहरे गड्ढे में गिर गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वन अधिकारियों ने जेसीबी से रास्ता बनवाया तो गड्ढे से निकलकर जंगल की ओर चला गया।

दल से बिछड़ा एक दंतैल लंबे समय से वन परिक्षेत्र सीतापुर के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है। सोमवार को तड़के 4 बजे दंतैल ग्राम सरगा खजूरपारा बस्ती में घुस गया इस दौरान बस्ती किनारे बने एक घर के किनारे पगडंडी से गुजरने के दौरान दंतैल फिसलकर कुंआ बनाने के लिए पूर्व में खोदे गए 25 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया। गड्ढे में कीचड़ एवं पानी होने के कारण दंतैल लंबे समय तक बाहर निकलने की मशक्कत करता रहा तथा सफलता नहीं मिली तो तेज आवाज में चिंघाड़ने लगा। दंतैल की चिंघाड़ सुनकर घटनास्थल पर आसपास के ग्रामीण पहुंच गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन अधिकारियों को दी। उपवन मंडलाधिकारी सपना मुखर्जी के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र सीतापुर की टीम पहुंची। वन अमले के पहुंचने के उपरांत जेसीबी पहुंची। स्थल निरीक्षण के उपरांत जेसीबी से गड्ढे की मिट्टी काटकर स्लोप तैयार किया गया। जेसीबी से मिट्टी काटने के दौरान भी दंतैल लगातार बाहर निकलने की कोशिशें करता रहा। जैसे ही स्लोप तैयार हुआ दंतैल गड्ढे से बाहर निकलकर खेतों के रास्ते जंगल की ओर चला गया। दंतैल को गड्ढे से बाहर निकालने के लिए वन अमले को दो घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। दंतैल के गड्ढे से सुरक्षित बाहर निकलने एवं जंगल की ओर जाने पर वन अधिकारियों ने राहत की सांसे ली।



हाथी को निकलने के लिए जेसीबी से रास्ता बनाते कर्मचारी।

### रौंद रहा फसलों को

लम्बे समय से अकेले भ्रमण करने के कारण दंतैल आक्रोशित हो गया है तथा पूरी रात इधर-उधर भ्रमण कर रहा है। दंतैल लंबी दूरी तय कर कुछ ही घंटे में दूसरे इलाके में पहुंच जाता है। दंतैल द्वारा लगातार अपना ठिकाना बदलने के कारण वनकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। हाथी लगातार धान व मक्के की फसल को तबाह कर रहा है। वन अमला दंतैल की निगरानी करने के साथ ही प्रभावित क्षेत्र के गांवों में मुनादी करा ग्रामीणों को सावधानी बरतने एवं जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह दे रहा है।

### किया गया रेस्क्यू

सुबह दंतैल के कुआं बनाने के लिए खोदे गए गड्ढे में दंतैल के गिरने की सूचना मिली थी। जेसीबी की मदद से स्लोप तैयार कर दंतैल का रेस्क्यू किया गया। दंतैल स्वयं बाहर निकलकर जंगल की ओर चला गया। दंतैल की निगरानी की जा रही है।

-सपना मुखर्जी
उपवन मंडलाधिकारी, सीतापुर

## खबर संक्षेप

### 16 प्रकरणों में 56 लाख से अधिक का गांजा कराया गया नष्टीकरण



**जांजगीर-चांपा।** 16 प्रकरणों में जब्त किए गए 280 किलो गांजा को पीआईएल के भट्ठे में नष्टीकरण कराने की कार्रवाई की गई है। जिसकी कुल कीमत 56 लाख 17 हजार रुपए बताई जा रही है। सोमवार 22 सितंबर को जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल समिति जांजगीर चाम्पा के द्वारा सोमवार 22 सितंबर को जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी अंतर्गत 280 किलो 880 ग्राम गांजा की जब्ती बनाई गई थी। जिसकी कीमत 56 लाख 17 हजार 6 सौ रुपए एवं 1560 नग टेबलेट को जब्त किया गया। जिसकी 10 हजार रुपए है। जिसे पुलिस अधीक्षक के समक्ष जलाकर नष्ट किया गया। नस्टीकरण की कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, श्रीमती नीलिमा डीग्रस्कर सहायक आयुक्त आबकारी अधिकारी, डॉ अजय भगत जुनियर वैज्ञानिक पर्यावरण संरक्षण अधिकारी बिलासपुर, प्रदीप जोशी रक्षित निरीक्षक, निरीक्षक सावन सारथी, निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, प्रधान आरक्षक देवनारायण रत्नाकर, जगदीश्वर प्रसाद, श्याम सुंदर जांगडे जिला अपराध शाखा जांजगीर -चाम्पा, प्रकाश इंडस्ट्रीज प्राईवेज लिमिटेड चाम्पा के प्रबंधक सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहें।

### 25 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मालखरौदा।** पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चारपारा निवासी ओम प्रकाश भारती पिता मोहरिल भारती उम्र 45 ग्राम द्वारा क्षेत्र में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब की बिक्री करता है। मुखबिर की सूचना पर ग्राम चारपारा में आरोपी ओमप्रकाश भारती के द्वारा अपने घर आँगन में अवैध कच्ची मऊहा शराब को रख कर बिक्री करने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा था। जिसे घेराबंदी कर पकड़ने उसके घर में दबिश दी, लेकिन आरोपी वहां से भाग निकला। आरोपी के घर से कुल 25 लीटर कच्ची मऊहा शराब कीमती 25 सौ रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया था। आरोपी फरार था जिसकी गिरफ्तारी हेतु मुखबिर लगाया गया था, जो आरोपी अपने घर आया हुआ है। इसी दौरान 22 सितंबर को आरोपी के घर जाकर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक अनवर अली के मार्गदर्शन में नाजिर हुसैन, हरीश चंद्रा, बैठियार सिदार का योगदान रहा।

### फर्जी तरीके से मोबाइल सिम जारी किया जारी, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** फर्जी तरीके से मोबाईल सिम जारी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से फिंगर प्रिंट मशीन व एक मोबाइल को जब्त किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोनसरी निवासी अवधेश साहू निवासी ग्राम सोनसरी थाना मुलमुला द्वारा व्यक्तिगत दस्तावेजों का उपयोग कर छल पुर्वक अन्य व्यक्ति के नाम का मोबाईल सिम लाभ प्राप्त करने के लिए 27 मोबाईल सिम एक्टीवेक्ट किया जाना पाया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 420 भादवि, 66 (सी) आईटी का अपराध घटित करना पाये जाने से थाना बलौदा में कायम कर विवेचना में लिया गया। आरोपी के कब्जे से फर्जी सिम तैयार करने में उपयोग किया गया फ्रिंगर प्रिट मशीन एवं एक मोबाईल जब्त किया आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को देने से पहले स्वयं होगा चखना

**जांजगीर-चांपा।** आंगनबाड़ी केन्द्रों में पूरक पोषण आहार कार्यक्रम अंतर्गत परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने नई व्यवस्था लागू की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत अब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को नाश्ता और गरम भोजन बच्चों को परोसने से पहले स्वयं चखना अनिवार्य होगा तथा उसका पंजी संधारण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रसोई कक्ष और भंडार की स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए गए हैं कि खाद्य सामग्री को सीलबंद डिब्बों या अनाज कोठी में ही रखा जाए तथा फिनाइल, डिटर्जेंट जैसे रसायनों को रसोई क्षेत्र से दूर सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। खाद्य सुरक्षा की निगरानी के लिए जिले के सभी सेक्टर पर्यवेक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### शिवरीनारायण मेला में भीड़ को देखते हुए जारी की एडवाजरी

**जांजगीर-चांपा।** शिवरीनारायण मेला मैदान में उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा अनेक एडवाजरी की गई है। जिसके तहत वाहन पार्किंग, सड़क किनारे, दुकानों के आसपास या अव्यवस्थित स्थानों पर वाहन खड़ी ना करे, वाहन प्रवेश निषेध, मेले के सभी प्रवेश द्वार पर दोपहिया व चारपहिया वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा।

## नवरात्र की शुरु हुई धूम, पंडालों से सजा शहर...



दर्री रोड स्थित मां दुर्गा का पंडाल।



टीपी नगर टैगोर उद्यान में बना पंडाल।



सीतामणी में बना दुर्गा पंडाल।

### अग्रसेन जयंती पर अग्रसेन भवन कटघोरा में नए हाल व कमरों का हुआ भूमि पूजन

# नवनिर्मित कमरे एवं विशाल हॉल समाज की प्रगति और संगठन का प्रतीक बनेंगे : पवन



पूजा अर्चना करते अग्रवाल समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रसेन जयंती के अवसर पर कटघोरा स्थित अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा कटघोरा के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में नवनिर्मित कमरों एवं विशाल बहुउद्देशीय हॉल के निर्माण हेतु भूमिपूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। इस अवसर पर अग्रवाल समाज कटघोरा, महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल के साथ-साथ बड़ी संख्या में अग्रबंधु उपस्थित रहे सभी ने इस क्षण को समाज के इतिहास में मील का पत्थर बताते हुए गर्व और उल्लास व्यक्त किया।

निर्माणाधीन कमरे एवं विशाल हॉल समाज की विभिन्न आवश्यकताओं के अनुरूप उपयोगी सिद्ध होंगे यह भवन विवाह, धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक आयोजन, सामाजिक सम्मेलन तथा शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। साथ ही यह युवाओं को संगठन, संस्कार और समाज सेवा से जोड़ने का माध्यम भी बनेगा। अग्रवाल सभा कटघोरा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जी महाराज ने समाज को सहयोग और समानता का मार्ग दिखाया आज उन्हीं के द्वारा दिखाए गए आदर्शों की प्रेरणा के फलस्वरूप आज अग्रसेन भवन कटघोरा में नए कमरा व हाल की कमी की देखते हुए आज समाज के सभी अग्रजनो की उपस्थिति में भूमिपूजन का कार्य सम्पन्न किया गया। निश्चित ही इसके निर्माण पूर्ण हो जाने पर सभी को इसका लाभ मिलेगा। यह भवन समाज की एकता और प्रगति का प्रतीक बनेगा तथा आने वाले समय में नगर और क्षेत्र की गरिमा को और ऊँचाई प्रदान करेगा। भूमि पूजन समारोह के उपरांत उपस्थित सभी अग्रजनों को प्रसाद वितरण किया गया और परिसर में जय महाराज अग्रसेन के उद्घोष गूंजते रहे। कार्यक्रम का समापन सभी समाजबंधुओं द्वारा एकता, सहयोग और समाजहित में निरंतर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर संरक्षक सत्यनारायण धनोंदिया, किशन मित्तल, रामनाथ सिंघानिया, बजरंग लाल अग्रवाल, पवन अग्रवाल ज्योति अध्यक्ष, सुरेश बंसल उपाध्यक्ष, अभिषेक गर्ग सचिव, राकेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष, भवन प्रभारी रमेश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी अजय धनोंदिया, हितेश गुप्ता, सुरेंद्र अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, सत्यनारायण जिंदल, सन्तोष अग्रवाल, घांसीराम अग्रवाल, अनिल मित्तल, अनिल अग्रवाल, जयप्रकाश गर्ग, अमन गोयल अध्यक्ष नवयुवकमंडल सहित सभी अग्रजन उपस्थित रहे।

### कटघोरा में निकाली महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा





अग्रवाल सभा कटघोरा के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजा श्री अग्रसेन की जयंती के पर्व को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। सभी अग्रबन्धुओं की उपस्थिति में अग्रवाल सभा कटघोरा के उपाध्यक्ष सुरेश कुमार बंसल अम्बिकापुर रोड के प्रतिष्ठान से बाजे गाजे व आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। जो कि बस स्टैंड मुख्य मार्ग होते हुए अग्रसेन भवन कटघोरा पहुंची व सभा के रूप में परिणित हुई। शोभायात्रा में शामिल अग्रबन्धुओं के द्वारा सपरिवार महाराजा श्री अग्रसेन महराज की जगह जगह आरती उतारी गई व अपने प्रतिष्ठान के बाहर शोभायात्रा में शामिल अग्रबन्धुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। इस वर्ष महाराजा अग्रसेन महराज की शोभायात्रा में शामिल सभी अग्रबन्धुओं के लिए सिख समाज व मुरली साहू मुरली होटल की तरफ से भी अपने प्रतिष्ठान के बाहर जलपान की व्यवस्था की गई। इन सभी के द्वारा किये गए व्यवस्था के लिए अग्रवाल समाज कटघोरा की ओर से समाज के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ज्योत्ति ने उनका आभार जताया।

### मोदी निवास पहुंचे टाईगर राजा एवं मंत्री गुरू खुशवंत साहेब



**कोरबा।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को घण्टाघर परिसर में आयोजित विशाल सभा में राष्ट्र और धर्म की रक्षा को सदैव सर्वोपरि मानने वाले तेलंगाना हैदराबाद के पूर्व विधायक टाईगर राजा सिंह तथा कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरू खुशवंत साहेब का आगमन हुआ था। कार्यक्रम के बाद टाईगर राजा सिंह एवं मंत्री गुरू खुशवंत साहेब व्यवसायी, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता तथा जिला विश्व हिन्दू परिषद के प्रथम जिलाध्यक्ष अशोक मोदी से भेंट की। इसके उपरांत टाईगर राजा सिंह श्री सप्तदेव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान के दर्शन किए।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन 2 अक्टूबर तक

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में सीएमएचओ डॉ.एस.एन. केशरी के नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आयुष विभाग के समन्वय से जिले के समस्त पीएचसी, सीएचसी तथा जिला चिकित्सालय में 2 अक्टूबर तक महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाए सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने दैनिक स्वास्थ्य शिविर लगाये जाएंगे।

## भूविस्थापितों का प्रतिनिधिमंडल मिला पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश से, 26 को आएंगे



भूपेश बघेल से मुलाकात करते भूविस्थापित।

**खास बात**

- प्रबंधन की वादाखिलाफी और प्रशासन की जबरदस्ती के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भरेंगे हुंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

दीपका कोयला खदान व दीपका प्रबंधन से पीड़ित हरदीबाजार के भूविस्थापितों के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता भूपेश बघेल से उनके भिलाई स्थित निवास जाकर सौजन्य मुलाकात किए और हरदीबाजार आकर जन सभा लेने का आग्रह किया गया। इस दौरान सरपंच लोकेश्वर कंवर, रमेश राठौर, शशिधर सोनी, नरेन्द्र राठौर, गणेश श्रीवास, मितेश सोनी, सुरेंद्र राठौर, वीरेंद्र राठौर, इंद्रकुमार राठौर ने हरदीबाजार के भूविस्थापित प्रतिनिधिमंडल ने श्री बघेल को बताया कि हरदीबाजार के निवासियों पर दीपका प्रबंधन जबरदस्ती प्रशासनिक दबाव बनाकर ग्राम पंचायत व सरपंच को बिना पूर्व सूचना दिए मकान नापी, परिसंपत्तियों का सर्वे करने की दो बार बलात कोशिश कर चुका है जिसका सभी ग्रामवासियों के द्वारा पुरजोर विरोध किया गया और उन्हें उल्टे पांव वापस किया गया। चूंकि एसईसीएल दीपका प्रबंधन के द्वारा न तो सर्वसुविधायुक्त बसाहट बनाया गया है न तो अभी तक मुआवजा पत्रक बनाया गया है, न ही नौकरी के लिए कट ऑफ लिस्ट जारी किया गया है। 2004-2010 अधिग्रहण के बाद खरीदी गई जमीन की रजिस्ट्री को मान्य करने और न ही हमारी 7 सूत्रीय मांगों पर अभी तक सकारात्मक विचार कर अवगत कराया गया है। ऐसी स्थिति में दीपका प्रबंधन व जिला प्रशासन हमारी मांगों को दरकिनार करते हुए हमारे मौलिक अधिकारों का हनन करते हुए कुछ लोगों को प्रलोभन देकर मकान नापी सर्वे करवाने का दबाव बनाकर गांव में फूट डालने व अशांति फैलाने का प्रयास कर चुका है और कर रहा है। इन सभी समस्याओं व हरदीबाजार के अस्तित्व को बचाने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 26 सितंबर को दोपहर 2 बजे शारदा मंगलम भवन पहुंचेंगे। हरदीबाजार के सभी भूविस्थापितों ने एसईसीएल प्रभावित क्षेत्र के लोगों को इस सभा में अधिक से अधिक संख्या में सभा कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

### त्रिपक्षीय वार्ता को ग्राम स्तर में सरपंच ने कराया स्थगित

एसईसीएल दीपका प्रबंधन, हरदीबाजार ग्रामवासियों व जिला प्रशासन की त्रिपक्षीय वार्ता सोमवार को तहसील कार्यालय में अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में रखी गई थी। जिसकी सूचना सरपंच को वाट्सअप के माध्यम से शनिवार को मिली थी। जिसके संदर्भ में सरपंच लोकेश्वर कंवर ने रविवार को अनुविभागीय अधिकारी पाली को पत्र जारी कर सोमवार को शारदीय नवरात्र आरंभ हो रहा है, जिसे सभी ग्रामवासी शांति व उत्साहपूर्वक मनाते हैं। साथ ही भाई जुतिया व दशहरा पर्व है तब तक त्रिपक्षीय वार्ता को स्थगित करने का निवेदन किया गया। पत्र में सरपंच ने ग्रामवासियों के द्वारा की गई मांगों की अनुमोदित प्रति की जानकारी ग्रामपंचायत को सूचित किया जावें। एवं पत्रक 5/6 मांग की लिखित जानकारी एसईसीएल दीपका क्षेत्र द्वारा सार्वजनिक कर ग्रामपंचायत को प्रस्तुत किया जावें, ग्रामवासियों को पूनर्वास स्थल सुनिश्चित किया जावें एवं डीआरआरसी की महत्वपूर्ण बैठक की अनुमोदित प्रति की जानकारी दी जावें। तत्पश्चात ग्रामसभा की बैठक के बाद किसी भी प्रकार की त्रिपक्षीय बैठक की जावें। इन मांगों को सरपंच ने सोमवार को जिला प्रशासन की तरफ से आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता को निरस्त करने की मांग की वही ग्रामीणों की अनुपस्थिति में आयोजित त्रिपक्षीय वार्ता नही हो सकी।

## शासन की योजनाओं में ओबीसी की भागीदारी बढ़ाना आयोग का उद्देश्यः विश्वकर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




बैठक को संबोधित करते पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा।

**खास बात**

- जिले में हुई ओबीसी सर्वे की समीक्षा की

छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा आरएस विश्वकर्मा ने सदस्य नीलांबर नायक, बलदाउ राम साहू, हरिशंकर यादव, यशवंत सिंह वर्मा, कृष्णा गुप्ता एवं सचिव अमित श्रीवास्तव की उपस्थिति में विभागीय बैठक लेकर जिले में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग के हुए सर्वे की समीक्षा की।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने आयोग की पृष्ठभूमि के संबंध में बताया कि आयोग के बनने के पश्चात ओबीसी वर्ग के कल्याण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में ओबीसी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण व्यवस्था, आर्थिक सामाजिक सुधार कार्य, शासन की योजनाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग की भागीदारी तथा अभी तक की भागीदारी में योजनाओं का लाभ उठा पाने में वंचित जातियों का पता लगाना भी शामिल है। अध्यक्ष श्री विश्वकर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग के हित के लिए अलग से मंत्री, विभाग बनाया गया है। इसके साथ ही सरकार की योजनाओं में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए बजट का प्रावधान करने और उनका कल्याण के दिशा में कदम उठाना भी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का उद्देश्य प्रदेश में पिछड़ा वर्ग समुदाय के कल्याण को ध्यान में रखते हुए उनके आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनैतिक भागीदारी फोकस करना है। बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि क्वांटीफिएबल डाटा तैयार करने के साथ ही सभी विभागों द्वारा शासन की योजनाओं में ओबीसी वर्ग को लाभान्वित किया जा रहा है। बैठक के माध्यम से जो दिशा निर्देश दिए गए है, जिला प्रशासन उन्हें पूरा करने का काम करेगा।

## बांकीमोंगरा नपा अध्यक्ष की उपस्थिति में आयोजित हुआ स्वच्छता सेवा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अन्तर्गत सोमवार को इंदिरानगर में स्थित एसएलआरएम सेंटर में पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा के मौजूदगी में स्वच्छता ही सेवा अभियान का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान सफ़ाई कर्मी, पालिका के अधिकारी - कर्मचारी व पार्षद प्रमोद सोना उपस्थित थे। पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट्र को एक उत्कृष्ट संदेश दिया था। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें। श्रीमती झा ने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान पूरे देशभर में मनाया जा रहा है। यह केवल सफाई का कार्यक्रम नहीं बल्कि जनभागीदारी का ऐसा उत्सव है जिसमें हर नागरिक, हर संस्था और हर संगठन एक साथ आ रहा है। इस दौरान देशभर में स्वच्छता श्रमदान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



TOP IN KORBA

GURUKRIPA COLLEGE

ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय सर्वेक्षण एवं सतर्कता समिति की बैठक आज

**कोरबा।** हाथ से मैला ढोने वाले कर्मियों के नियोजन की प्रतिषेध और उनके पुनर्वास हेतु जिला स्तरीय सर्वेक्षण समिति तथा सतर्कता समिति की बैठक कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में 23 सितंबर को दोपहर 1 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। एनटीपीसी, एसईसीएल, सीएसईबी एवं एसईसीआर रेल्वे को निर्देशित किया गया है कि अपने संस्थान के अंतर्गत कार्यरत सफाई ठेकेदार के साथ सफाई कर्मियों की जानकारी वेतन भत्ता एवं वेतन से कटौती की जाने वाली अंशदान निधि तथा नियोक्ता द्वारा उनके खाते में जमा की जाने वाली अंशदान की मासिक कटौती तथा उन्हें समय-समय पर उपलब्ध कराये जाने वाली सुविधाओं की जानकारी के साथ उपरोक्त बैठक में निर्धारित तिथि व समय पर अनिवार्यतःउपस्थित होने कहा गया है।

### ई-मार्केटिंग के माध्यम से बाजार विकास सहायता पर कार्यशाला कल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस आरएएमपी योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा ई-मार्केटप्लेट एवं डिजिटल मार्केटिंग द्वारा एमएसएमइस के लिए बाजार विकास विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 24 सितंबर को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में किया जा रहा है। इस कार्यशाला का उद्धेश्य एमएसएमइस महिला उद्यमियों, एसएचजी सदस्यों एवं पारंपरिक कारीगरों को ई-कॉमर्स प्लेटफार्म के माध्यम से अपने उत्पादों की बाजार पहुंच बढ़ाने, विपणन सहायता प्राप्त करने, नेटवर्किंग के अवसर समझने, उत्पादों की दृश्यता में वृध्दि, तथा लॉजिस्टिक्स समर्थन के बारे में जानकारी देना है।

### छग पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों से की भेंट



**कोरबा।** छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा आरएस विश्वकर्मा आईएएस एवं सदस्य नीलांबर नायक, बलदाउ राम साहू, हरिशंकर यादव, यशवंत सिंह वर्मा, कृष्णा गुप्ता एवं सचिव अमित श्रीवास्तव ने कावेरी गेस्ट हाउस एनटीपीसी में जनप्रतिनिधियों से भेंट कर ओबीसी वर्ग कल्याण के संबंध में सुझाव प्राप्त किये।

### नवरात्रि से पूर्व बंद पड़े स्ट्रीट लाइट का किया गया सुधार कार्य



**कोरबा।** नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र के कुछ वार्डों में मुख्य मार्ग से लेकर कटाईनार, घुड़देवा, मनोरंजन मंदिर क्लब, गजरा व अन्य स्थानों में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्ष प्रतिनिधि व भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा स्वयं उपस्थित होकर बड़े पैमाने में बंद पड़े स्ट्रीट लाइट को चालू करवाया। विकास झा ने बताया कि क्षेत्र के पार्षदों के द्वारा बंद पड़े स्ट्रीट लाइट के संबंध में लगातार शिकायत किया जा रहा था। जहां विकास झा द्वारा शनिवार को नवरात्रि पर्व प्रारंभ से पूर्व एसईसीएल कुसमुंडा से स्काई लिफ्ट वाहन मंगाकर सुधरवाने का प्रयास किया। विकास झा ने कहा कि अन्य स्थानों में बंद पड़े स्ट्रीट लाइट को सुधरवाने का प्रयास किया जाएगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा ने बताया कि अगले अक्टूबर माह तक पालिका में स्काई लिफ्ट वाहन सहित अन्य सुविधाएं आने के बाद नगर में बनी समस्या को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

### विद्यार्थियों ने क्लीन सिटी लिखकर जागरूकता का किया आह्वान

**कोरबा।** प्राचार्य डॉ. श्रीमती सीमा भारद्वाज के मार्गदर्शन में सेजस गोपालपुर में स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर 16 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि में प्रतिदिन विविध गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों एवं समुदाय के सदस्यों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में 20 सितम्बर को विद्यालय के चारों सदन अरपा सदन, इंद्रावती सदन, शिवनाथ सदन एवं महानदी सदन के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर क्लीन सिटी का संदेश दिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत यह अनूठी पहल समाज को स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित करने वाला संदेश बन गई। कार्यक्रम में विद्यालय के व्याख्याता विनोद कुमार साहू, श्रीमती पुरैन बंजारे, श्रीमती भूमिका राव, श्रीमती श्यामा प्रधान, श्रीमती नमिता दुबे एवं सुरेश कुमार ने सक्रिय सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। स्वच्छता पखवाड़ा की इस गतिविधि ने विद्यार्थियों के भीतर सामाजिक जिम्मेदारी और स्वच्छता के महत्व को और भी गहराई से स्थापित किया।

## क्वांर नवरात्रि के पहले दिन देवी मंदिरों में हुई शैलपुत्री की पूजा

# ज्योति कलश से जगमगाया मां का दरबार, देवपहरी में स्थापित हुई अखंड ज्योति



नवरात्र के पहले दिन सर्वमंगला मंदिर में सपरिवार पूजा करते हुए उद्योग मंत्री।



देवपहरी में ज्योतिकलश स्थापना के पूर्व निकाली गई शोभायात्रा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों के पहाड़ों में विराजी आदिशक्ति के दरबार में सोमवार से मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित हो गए हैं। इसी के साथ ही शाम होते ही आदि शक्ति की भक्ति का नृत्य गरबा डांस की भी शुरुआत हो गई है और इसी के साथ देवपहरी में 5 शक्तिपीठ सहित 7 अखंड ज्योति कलश की स्थापना धूमधाम से की गई। क्वांर नवरात्री का पर्व विशेषकर डांडिया और गरबा के लिए जाना जाता है जिसके लिए आकर्षक ढंग से दुर्गोत्सव समिति के द्वारा पंडालों को संजाया गया है।

क्वार नवरात्रि का पर्व शुरु होते ही मड़वारानी पहाड़, चैतुरगढ़, चेपारानी, डंगनाई देवी, कोसगाई देवी आदि पहाड़ों में विराजी आदिशक्ति के दरबार में सोमवार से 9 दिन तक चलने वाली भक्ति का रंग नजर दिखने लग गया है। भक्त पहले दिन से ही आदिशक्ति की अराधना के लिए पहाड़ों में चढ़ना शुरु कर दिये हैं। पहाड़ों के अलावा मैदानी क्षेत्र के देवी मंदिरों में भी मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित किये गये हैं। पुरानी बस्ती दुर्गा मंदिर, बालको काली मंदिर, कंगालीन देवी मंदिर, कटघेरा, रजगामार के दुर्गा मंदिर इन सभी मंदिरों में मनोकामना ज्योतिकलश के लिए रसीद काटी जा चुकी है। मंदिर समितियों के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर विभिन्न तरह के प्रबंध किये हैं इसके अलावा पार्किंग की भी व्यवस्था दी गई है।

**खास बात**

- मौसम के साफ रहने से श्रद्वालुओं का पहले दिन ही लगा तांता

### चैतुरगढ़ में पहुंचते हैं अन्य जिलों के श्रद्धालु

जिले के सबसे उंचे पहाड़ में स्थित चैतुरगढ़ में स्थापित प्राचीन महिषासुर मर्दनी के दर्शन के लिए बिलासपुर, पेंड्रा, रायगढ़, जिले से भी लोग पहुंचते हैं। पाली विकासखंड के लाफा जमीदारी के अंतर्गत आने वाला चैतुरगढ़ मंदिर जिले के ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व का महत्वपूर्ण स्थल है। पुरातत्व विभाग के अधीन इस मंदिर में भी प्रतिवर्ष क्वांर और चैत्र नवरात्रि में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किये जाते हैं। मंदिर परिसर से 3 किमी पहले आम श्रद्धालु वाहन से पहुंच सकते हैं उसके बाद पहाड़ की चढ़ाई पैदल तय करना पड़ता था। श्रद्धालुओं के लिए मंदिर परिसर में ही भंडारा संचालित किया जाता है। जो पहले दिन से शुरु हो जाता है। चैतुरगढ़ के अलावा मंडवारानी और कोसगाई मंदिर में भी पहले दिन से ही श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचने लगे हैं।

### सिर पर धारण कर अखंड ज्योति पहुंचाई हिंगलाजगढ़ में, अपूर्व उत्साह

आश्विन शुक्ल पक्ष प्रथम तिथि इस महीने में खास रही की जिले के सुदूर वनांचल देवपहरी का हिंगलाजगढ़ जन आस्था और भक्ति का विशेष केंद्र बन गया। देश के पांच शक्तिपीठों सहित सिद्धिदात्री देवी और बलूचिस्तान के हिंगलाज देवी के नाम से भी यहां अखंड ज्योति यहां पर प्रतिष्ठित हुई। अब यहां भक्तों को अखंड ज्योत के दर्शन प्राप्त होंगे। सोमवार को देव्पहरी आंचल शक्ति की उपासना और आस्था को बल देने वाले नवरात्र पर्व पर अभूतपूर्व उमंग उत्साह और भक्ति की तरंगों में हिलोरे लेता नजर आया। शक्ति स्थल से यहां तक पहुंची अखंड ज्योत अभिलाषा लोगों की पूरी हुई। उत्तर से वैष्णो देवी, दक्षिण से कामाक्षी देवी, पूर्व से कामाख्या, पश्चिम से कालिका देवी पावागढ़ और मध्य भारत से शारदा देवी की अखंड ज्योति को लाने की जिम्मेदारी सेवाभावी भक्तों ने पुरी की। स्थानीय स्तर पर पूजा अर्चना के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में अखंड ज्योति यात्रा के लिए स्थानीय लोगों ने विशेष वातावरण तैयार किया और माता की अगवानी की। पिछली रात गढ़ ऊपरौड़ा में विश्राम के बाद नवरात्रि की सुबह अखंड ज्योति यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण सफर शुरू हुआ। मातृशक्ति सहित ग्रामीणों ने अपने सिर पर अखंड ज्योत को धारण किया और 20 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए देवपहरी पहुंचे। हिंगलाजगढ़ में घट स्थापना और जवारा पूजन के बाद शक्तिपीठों से लाई गई अखंड ज्योत की स्थापना की गई। गोमुखी सेवा धाम में लंबे समय से हिंगलाज देवी की पूजा करते आ रहे पारस बैग और संपत बैगा के द्वारा परंपराओं की पूर्ति कराई गई। आश्विन नवरात्र पर्व पर हिंगलाजगढ़ और सिद्धीदात्री मंदिर परिसर में आयोजित अनुष्ठान का दायित्व पंडित रमाकांत पांडे और पंडित विष्णु शंकर मिश्रा ने पुरा किया।

#### जनजातीय समाज को बनाया यजमान

गोमुखी सेवा धाम के हिंगलाजगढ़ में इस नवरात्र पर शक्तिपीठों की अखंड ज्योति प्रतिष्ठित करने का अवसर कई मायनो में महत्वपूर्ण रहा। सर्व समावेशी और सर्वस्पर्शी अवधारणा को स्वीकृति देते हुए इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनजाति समाज का प्रतिनिधित्व सबसे ऊपर रहा। अनुष्ठान में यजमान के तौर पर कोरवा, पंडो, बिरहोर, मंझवार, कंवर व गोंड़ समाज के प्रतिनिधि सपत्नीक शामिल हुए।


### कलश यात्रा के साथ दुर्गा पूजा का शुभारंभ



ग्राम भैसमा में भव्य कलश यात्रा के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का स्थापना किया गया। ग्रामीणों के द्वारा द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाला गया। बाजार चौक दुर्गा उत्सव समिति और अंजोरीपाली दुर्गा उत्सव समिति दोनों समिति का कलश यात्रा एक साथ ग्राम में भ्रमण करते हुए गांव की स्थानीय देवी देवताओं का पूजन अर्चन करते हुए पंडाल में पहुंचा। आचार्य तोशेश्वर प्रसाद पांडेय के द्वारा प्रथम दिवस विधि विधान से मां शैलपुत्री की आराधना की गई। इस कलश यात्रा में ग्राम के सरपंच संजय कंवर,पूर्व जनपद अध्यक्ष सरमन सिंह कंवर, नंदलाल श्रीवास, शिव जायसवाल, लाला बरेठ, जीवन जायसवाल, चंद्रभूषण कंवर, तुलेश्वर कौशिक, ओमप्रकाश गौतम उपस्थित रहे।

### पांच सौ टोकनी से सजा डांडिया ग्राउंड, शहर में बना आर्कषण का केंद्र

शहर के शिवाजी नगर में लगातार 31वें वर्ष गरबा-डांडिया उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए इस बार आयोजन समिति ने टोकनी थीम पर एंट्री गेट व ग्राउंड की विशेष साज-सज्जा की है। 500 टोकनी से की गई सजावट से एक ओर जहां छत्तीसगढ़ी संस्कृति व परामपरा की झलक नजर आ रही है तो दूसरी ओर शहर में लोगों के बीच आर्कषण का केंद्र भी बन गया है। टोकरियों के बीच रंग-बिरंगी लाइट ने ग्राउंड की सजावट में चार चांद लगा दिया है जो लोगों का मन मोह रहा है। बता दें कि शिवाजी नगर गरबा-डांडिया समिति द्वारा हर वर्ष नए-नए थीम पर सजावट कराई जाती है जो आर्कषक होता है। समिति ने पिछली बार इनडोर थीम पर सजावट की थी जिसने ऐसा मन मोहा कि हर ग्राउंड पहुंचकर सेल्फी लेने में लगा रहा है। इस बार की टोकनी थीम भी पिछली बार से ज्यादा आर्कषक है। शिवाजी नगर में पूरे नवरात्रि के दौरान माहौल भक्तिमय बना रहता है। हर आयु वर्ग के लोग गरबा-डांडिया में शामिल होने और देखने के लिए पहुंचते हैं। ग्राउंड पर माता का मंदिर भी स्थित है, जहां पूरे नौ दिनों तक माता की अराधना होती है। वहीं ग्राउंड में दशहरा के अवसर पर रावण दहन भी किया जाता है।



# सेन्द्रीपाली में अब तक व्याख्याता ने नहीं दी ज्वाइनिंग, पढ़ाई हो रही प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

करतला ब्लॉक के ग्राम सेंदरी पाली में हायर सेकेंडरी स्कूल तो संचालित है लेकिन विद्यालय में अंग्रेजी विषय का व्याख्याता नहीं है। जिला प्रशासन द्वारा अतिशेष व्याख्याता के लिए की गई कांउसिलिंग में इस विद्यालय को अंग्रेजी का एक व्याख्याता प्राप्त हुआ। लेकिन सत्र प्रारंभ होने के बाद भी अभी तक जिला प्रशासन उक्त व्याख्याता पर मेहरबान है कि उनको सेनद्रिपाली स्कूल के लिए रिलीव नहीं किया गया है। वहीं सेन्द्रीपाली जैसे हायर सेकेंडरी विद्यालय जहाँ बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण बच्चे पढाई करते हैं और उनके लिए अंग्रेजी विषय कितना महत्व रखता है यह जानते हुए भी आखिर किस बात की उदासीनता बरती जा रही है यह समझा जा सकता है।

जिला प्रशासन द्वारा जिले के विद्यालयों में अतिशेष व्याख्याताओं को रिक्त वाले विद्यालयों में पदस्थ किया गया है। स्कूल खुले हुए लगभग तीन माह हो गए हैं। सभी विद्यालयों में तिमाही परीक्षा का आयोजन हो रहा है। करतला ब्लॉक के सेनद्रिपाली में संचालित हायर सेकंडरी स्कूल में 3सौ से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत है। ज्यादातर विद्यार्थी ग्रामीण अंचलों के है और आसपास छात्रावास में रहकर पढ़ाई करते हैं। महत्वपूर्ण बात यह भी है कि गाँव के विद्यार्थियों के लिए सबसे ज्यादा कठिन विषय गणित, भौतिक, रसायन और अंग्रेजी जैसे विषय ही होते हैं। इस विद्यालय में अंग्रेजी का व्याख्याता युक्ति युक्तकरण से मिलने के बाद भी यहाँ जॉइनिंग के लिए जिला प्रशासन द्वारा पहल नहीं किया जाना विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किस तरह खिलवाड़ किया जा रहा है यह आप भी समझ सकते हैं। बताया जाता है कि ग्रामीण अपने बच्चों के लिए अंग्रेजी विषय के शिक्षक को यहाँ जॉइनिंग की मांग लगातार कर रहे हैं। स्कूल द्वारा भी अंग्रेजी के व्याख्याता की कमी की जानकारी उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। अंग्रेजी विषय के उक्त व्याख्याता को प्रयास में रखा गया है। उनकी पोस्टिंग ग्राम पताड़ी के विद्यालय में थी। इस दौरान लम्बे समय से वह प्रयास में ही है। अतिशेष में नाम आने के बाद उनकी पदस्थापना सेन्द्रीपाली स्कूल में हुई है। उन्होंने अभी तक ज्वाईन नहीं किया है




करतला ब्लाक का सेंद्रीपाली स्कूल जहां नहीं है अंग्रेजी के व्याख्याता।

### व्याख्याता को नहीं किया जा रहा रिलीव

सहायक आयुक्त का कहना है कि जिला शिक्षा अधिकारी से अभी तक कोई मांग नहीं आई है। जबकि जिला शिक्षा अधिकारी ने पत्र लिख के मांग करने की बात कही है। वही सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग द्वारा किसके दवाब में आकर व्याख्याता को रिलीव नहीं किया जा रहा है यह समझ से परे हैं क्योंकि कलेक्टर ने पहले ही निर्देश दिए हैं कि युक्ति युक्तकरण के शिक्षकों को ज्वाईन कराना है।

### उन्हें इसकी जानकारी नहीं

स्कूल में अंग्रेजी के व्याख्याता के पद पर किसकी पदस्थापना हुई है इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। उन्होंने अभी अभी प्राचार्य का प्रभार लिया है इसलिए इस संबंध में वे कुछ नहीं बता सकते हैं।

-**जेआर अजगले,** प्राचार्य सेंद्रीपाली स्कूल

# एक वर्ष से संजीवनी 108 की बाट जोह रहा हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

पाली ब्लाक अंतर्गत हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हर तरह की समस्या से जूझ रहा है। वहीं समस्याओं के निदान के लिए संस्था के द्वारा अवगत करवाने के बावजूद भी न तो जिला प्रशासन ने तो क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गंभीर दिख रहे हैं।

हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के छत का प्लास्टर भरभराकर गिर रहा है, बोर से पानी नहीं आ रहा है इतना ही नहीं नियमित स्थाई डॉक्टर की व्यवस्था भी नहीं है। विगत एक वर्ष से हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 108 एंबुलेंस की सुविधा भी नहीं रही। केवल महतारी एक्सप्रेस है, हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत 7 उपस्वास्थ्य केंद्र आते है, जहां के गंभीर मरीजों को लाने ले जाने के साथ-साथ सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल ले जाने की भी गंभीर समस्या पिछले एक साल से बनी हुई है। इस संबंध में सहायक चिकित्सक युधेश सांडे ने बताया कि इस बात की जानकारी अपने विभागीय अधिकारियों सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को कई बार दी जा चुकी है लेकिन अभी तक इस पर कोई पहल होता नजर नहीं आ रहा है। अभी वर्तमान में यदि 108 एंबुलेंस की जरूरत पड़ती है तो जिला मुख्यालय कोरबा या पाली ब्लाक से 1-2 घंटे में एंबुलेंस पहुंचती है जो सड़क दुर्घटना में घायल या गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार मिलने में समय निकल जाता है। ऐसी स्थिति में स्थानीय अस्पताल में 108 एंबुलेंस की सुविधा होना अत्यंत आवश्यक है।







# दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए खेलकूद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सेवा पखवाड़ा दिवस अंतर्गत 21 सितंबर को सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल सीएसईबी पूर्व में दिव्यांग छात्र छात्राओं की खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती धनेश्वरी गर्ग उपस्थित थीं। इस अवसर पर सीईओ श्री नाग द्वारा कहा गया कि सेवा पखवाड़ा दिवस में आज दिव्यांग छात्र छात्राओं कार्यक्रम में यह बच्चे दिव्यांग नहीं है जो अपने मन में मान ले कि मैं कुछ नहीं कर सकता वही दिव्यांग है और सभी बच्चों को यह कह कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को खेलकूद (कुर्सी दौड़, मटकी फोड़, 50 मीटर दौड़, पेंटिंग, गायन, सांस्कृतिक कार्यक्रम) इत्यादि कराया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली दिव्यांग छात्र छात्राओं, शिक्षक को प्रोत्साहित करने टिफिन बॉक्स वितरण किया गया और सभी को भोजन कराया गया। उप संचालक समाज कल्याण, जिला शिक्षा विभाग, खेल विभाग, उमंग स्कूल, दिव्यज्योति, अंकुर स्कूल उपस्थित रहे।

